कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/मा/माध्य/मा–द/अंग्रेजी माध्यम/प्रवेश/2019–20 दिनांकः 02.08.2019

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय) –माध्यमिक।

विषय :– नवस्थापित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में समस्त स्वीकृत पदों पर पदस्थापित अध्यापको/कार्मिकों के वेतन आहरण के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शासन से प्राप्त स्वीकृति क्रमांक प. 04 (15) षिक्षा–1/2019 दिनांक 14.06.2019 के क्रम में इस कार्यालय के निर्देश पत्र 16.06.2019 द्वारा जिला मुख्यालय के 33 राजकीय विद्यालयों को प्रथम चरण में "महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम)" में रूपान्तरित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी तथा उक्त विद्यालयों की स्थापना, स्टाफ व प्रवेश आदि के सम्बन्ध में कार्य योजना जारी की गई थी। उक्त जारी कार्य योजना के अनुसार "महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम)" में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी है।

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में साक्षात्कार उपरान्त पदस्थापित अध्यपकों/कार्मिकों के वेतन आहरण के सम्बन्ध में निर्देशित किया जाता है कि उक्त विद्यालयों में पदस्थापित किये गए अध्यापकों/कार्मिकों की संख्या के अनुरूप पद स्वीकृत नहीं हो पाये हों, तो ऐसी स्थिति में सम्बन्धित अध्यापकों/कार्मिकों के वेतन की व्यवस्था जिले के अन्यत्र विद्यालयों में रिक्त पद से करवाये जाने हेतु वांछित कार्यवाही तत्काल सम्पादित की जानी सुनिश्चित करें।

<u>उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।</u>

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
3. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान।
4. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु।
5. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
6. रक्षित पत्रावली।

2/8/19

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

D:\ma - D\General letter\General latter.doc111